# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015

क्रमांकः– एफ.3 (ख) लिंक नं. 5908)अलेसे–II/ 45 दिनांक :– 18-04-2022

## आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक 1049 दिनांक 04.02.2022 के द्वारा श्री सुमित श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय अधीक्षक, महाराव भीमसिंह चिकित्सालय, कोटा को आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया । विभागीय आदेश की पालना में श्री श्रीवास्तव, सलेअ–II द्वारा दिनांक 28.02.2022 को अपनी उपस्थिति निदेशालय कोष एवं लेखा विभाग, जयपुर में प्रस्तुत की गई ।

तत्पश्चात विभागीय आदेश क्रमांक 1245 दिनांक 02.03.2022 के द्वारा श्री सुमित श्रीवास्तव, सलेअ–II का पदस्थापन कोषालय, कोटा में किया गया था। उक्त आदेश की पालना नहीं करने पर विभागीय पत्र क्रमांक 26–27 दिनांक 12.04.2022 के द्वारा स्पष्टीकरण जारी करते हुए नवपदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण करने हेतु निर्देशित करने के उपरान्त भी श्री सुमित श्रीवास्तव द्वारा आदिनांक तक कार्यग्रहण नहीं किया गया। श्री श्रीवास्तव , सलेअ–II द्वारा निदेशालय के आदेशों की अवहेलना की गई है तथा ये कार्यस्थल से स्वेच्छा से अनुपस्थित है । अतः उक्त अनुशासनहीनता एवं सक्षम आदेशों की पालना न करने के कारण इनके विरूद्व राजस्थान सिविल सेवायें (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियमों के तहत् अनुशासनात्मक कार्रवाई विचाराधीन है ।

अतः राजस्थान सिविल सेवा (सी.सी.ए.) नियमो के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में श्री सुमित श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को विभागीय आदेशों की अवहेलना करने के कारण तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन काल में उनका मुख्यालय कोषालय, बून्दी रहेगा।

श्री सुमित श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को निलम्बन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अन्तर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3 (ख) लिंक नं. 5908)अलेसे–II/ 45 दिनांक :– 18-04-2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. कोषाधिकारी, कोटा/बून्दी।
3. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में Updation करने हेतु।
4. श्री सुमित श्रीवास्तव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (निलम्बित) पता 4–ज–5 विज्ञान नगर, कोटा।
5. जांच शाखा/एसीएआर शाखा/डीपीसी शाखा/पदस्थापन सीट।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. पदस्थापन सीट।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)